एक नजर में

अपर कलेक्टर ने किया चौरई एवं चांद क्षेत्र के उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण

छिंदवाड़ा। जिले के विकासखंड चौरई में आज अपर कलेक्टर धीरेंद्र सिंह एवं एसडीएम चौरई प्रभात मिश्रा द्वारा गेहूं खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान चौरई के 13 खरीदी केंद्रों तथा चांद तहसील के 6 गेहूं उपार्जन केंद्रों का जायजा लिया गया। इसके साथ ही चना खरीदी के अंतर्गत सेवा सहकारी समिति उमरिया ईसरा एवं भारद्वाज वेयरहाउस, लिखड़ी खटकर स्थित केंद्रों का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर श्री सिंह ने केंद्र प्रभारियों को तौल कांटों की संख्या बढ़ाकर लगभग 6 करने, मजदूरों की संख्या बढ़ाने तथा किसानों के लिए पर्याप्त पेयजल एवं छाया की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही किसानों की खरीदी संबंधी जानकारी के लिए विधिवत पंजी संधारण करने के निर्देश भी दिए गए। निरीक्षण के दौरान लोटस वेयरहाउस हरदुआ में स्थित उपार्जन केंद्र समिति समसवाड़ा एवं समिति कपूरधा में हमालों की पर्याप्त व्यवस्था नहीं पाई गई, जिससे किसानों को गेहूं तुलवाने में अव्यवस्था का सामना करना पड़ा। इसी प्रकार समिति कपूरदा में भी हमालों की कमी के कारण खरीदी कार्य प्रभावित पाया गया और किसानों की उपज तौलने में अधिक समय लगने की समस्या सामने आई। उक्त अव्यवस्थाओं को गंभीरता से लेते हुए दोनों समितियों के प्रबंधकों एवं नोडल अधिकारियों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया तथा व्यवस्थाएं शीघ्र सुधारने के निर्देश दिए गए।

कलेक्ट्रेट में अर्द्धनग्न प्रदर्शन कर मांगी मुआवजा राशि

छिंदवाड़ा। सड़क हादसे में दर्दनाक मौत होने के बाद न्याय के लिए लंबा इंतजार कर रहे परिवार का सब्र बुधवार को टूट गया है। मृतक के बेटे ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर अर्धनग्न होकर प्रदर्शन किया और प्रशासन से जल्द मुआवजा दिलाने की मांग की। जानकारी मुताबिक तहसील तामिया के ग्राम कुर्सीढ़ाना निवासी घनश्याम उइके की 21 अप्रैल 2012 को एक सड़क हादसे में हादसे में मौत हो गई थी। बताया जाता है कि ट्रैक्टर को रिवर्स करते समय लापरवाही के चलते वह चपेट में आ गए था। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई थी। इस मामले में ट्रैक्टर मालिक के खिलाफ लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने का मामला दर्ज किया गया था।घटना के बाद कोर्ट ने 3 नवंबर 2012 को मृतक के परिजनों को 7 लाख 26 हजार रुपए मुआवजा देने का आदेश दिया था। लेकिन हैरानी की बात यह है कि आदेश के 14 साल बीत जाने के बाद भी पीड़ित परिवार को अब तक यह राशि नहीं मिल सकी है। इसी बात से आक्रोशित होकर मृतक के बेटे प्रकाश उइके ने कलेक्टर कार्यालय में अर्धनग्न होकर विरोध प्रदर्शन किया। हाथ में तख्तियां लेकर उन्होंने प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई और कहा कि न्याय के लिए वे वर्षों से भटक रहे हैं।

वकीलों की फीस के लिए जमीन बेच दी : प्रकाश उइके ने बताया कि केस लड़ने में उन्होंने अपनी जमीन तक बेच दी और वकीलों की फीस चुकाते-चुकाते परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद खराब हो गई है। इसके बावजूद अब तक उन्हें न्याय नहीं मिल पाया है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द मुआवजा राशि दिलाई जाए, ताकि परिवार को राहत मिल सके।

पृथ्वी दिवस पर बच्चों ने रंगों से सजाया पर्यावरण संदेश

छिंदवाड़ा। पृथ्वी दिवस के अवसर पर बहुउद्देशीय शैक्षणिक विकास समिति एवं मॉडल फ्यूचर संस्था के संयुक्त तत्वाधान में टी वर्ल्ड स्कूल में ईको क्लब के बच्चो के बीच चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों ने अपनी कल्पनाओं और रंगों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण और जल बचाने का संदेश प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बहुउद्देशीय शैक्षिक विकास समिति एवं रोटरी क्लब छिंदवाड़ा के अध्यक्ष विनोद तिवारी जी उपस्थित रहे। उन्होंने बच्चों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ‘आज के बच्चे ही कल का भविष्य हैं, यदि उनमें अभी से प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता विकसित की जाए, तो आने वाला समय बेहतर हो सकता है।गौरतलब है कि विभिन्न रिपोर्टों के अनुसार, देश में प्रति व्यक्ति जल उपलब्धता लगातार घट रही है और कई शहरों में आने वाले वर्षों में जल संकट गहराने की आशंका जताई जा रही है। ऐसे में बच्चों के माध्यम से दिया गया यह संदेश समाज के लिए प्रेरणादायक साबित हो सकता है।

सांसद बंटी विवेक साहू के प्रयासों से 8 मरीजों को इलाज के लिए मिली 4 लाख 45 हजार की आर्थिक सहायता राशि

सांसद की पहल पर मरीजों का नागपुर और छिंदवाड़ा के अस्पतालों में हो सकेंगा बेहतर इलाज

छिंदवाड़ा। सांसद बंटी विवेक साहू दीन :दुखियों, गरीब परिवारों और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों की लगातार आर्थिक सहायता उपलब्ध करा रहे है। हर माह गंभीर रूप बीमार मरीजों को लाखों रूपये की सहायता राशि ईलाज के लिए उपलब्ध कराई जा रही है। सहायता राशि मिलने पर मरीजों का महानगरों और छिंदवाड़ा में बेहतर ईलाज हो रहा है। आमजन भी सांसद बंटी विवेक साहू से सहायता राशि पाने के लिए लगातार गुहार लगा रहे है। जिस पर वे गंभीरता से विचार कर लोगों को सहायता राशि उपलब्ध भी करा रहे है। सांसद बंटी विवेक साहू के निवेदन पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने 8 मरीजों को इलाज के लिए 4 लाख 45 हजार की आर्थिक सहायता राशि जारी की है। यह सहायता राशि मिलने से नागपुर और छिंदवाड़ा के अस्पतालों में भर्ती आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के गंभीर मरीजों का बेहतर इलाज हो सकेगा। डॉ.मोहन यादव ने छिन्दवाड़ा के ग्राम भोरतलाई निवासी राजवीर पिता मनोज पवार को 65 हजार, लोधीखेड़ा निवासी गौरव पिता संजय रणदीवे को 30 हजार एवं छिन्दवाड़ा के ग्राम कवदिया निवासी रंजीत पिता मंगल सिंह रघुवंशी को 65 हजार की राशि स्वीकृत की है, इन तीनों मरीजों का इलाज नागपुर के अस्पतालों में होगा। सांसद बंटी विवेक साहू की पहल पर तामिया के ग्राम नागरी निवासी राजेश पिता अनकलाल कुमरे को 65 हजार, ग्राम दरोत खुर्द निवासी श्रीमती तिलको बाई पति बुद्धुलाल काकोड़िया को 50 हजार, उमरेठ के ग्राम मानियाखापा निवासी महेन्द्र पिता रामगोपाल डेहरिया को 65 हजार, चांदामेटा निवासी घनश्यामि पता शिवप्रसाद साहू को 30 हजार एवं छिन्दवाड़ा के ग्राम करनपिपरिया निवासी सिद्धार्थ पिता चैतराम कुमरे को 75 हजार की राशि स्वीकृत की गई है इन पांचों मरीजों का इलाज छिन्दवाड़ा के अस्पतालों में होगा।

चौपाल

कलेक्टर श्री नारायन ने ग्राम पंचायत छुई में चौपाल लगाकर सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

गांव की चौपाल बनी कलेक्टर से सीधे संवाद का मंच

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा, 22 अप्रैल, कलेक्टर हरेंद्र नारायन ने आज विकासखंड अमरवाड़ा की ग्राम पंचायत छुई में चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने उपस्थित हर एक ग्रामीण से सहजता के साथ सीधा संवाद किया और उन्हें अपनी बात रखने का पूरा अवसर दिया। चौपाल में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर अपनी समस्याएं सीधे कलेक्टर श्री नारायन के सामने रखीं।

कलेक्टर श्री नारायन ने हर शिकायत को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक निर्देश दिए। कई समस्याओं का तत्काल समाधान भी किया गया, जिससे ग्रामीणों के चेहरे पर संतोष नजर आया। चौपाल में मुख्य रूप से रिकॉर्ड सुधार, पीएम आवास योजना में नाम जोड़ने, गरीबी रेखा में नाम जोड़ने, सड़क निर्माण, सीमांकन कराने आदि से जुड़ी समस्याएं सामने आई, जिन पर शीघ्र कार्रवाई के लिए आश्वासन दिया गया। ग्राम चौपाल का आयोजन ग्रामीणों के लिए कलेक्टर से सीधे संवाद और उनकी समस्याओं के समाधान का एक बेहतर मंच साबित हो रहा है। इस अवसर पर कलेक्टर श्री नारायन ने कहा कि प्रशासन का प्रयास है कि हर गांव तक पहुंचकर लोगों की समस्याओं को वहीं सुलझाया जाए, ताकि उन्हें सरकारी दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़ें। साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे नियमित रूप से गांवों का दौरा कर जनसमस्याओं का समाधान सुनिश्चित करें।

विभिन्न निर्माण कार्यों का निरीक्षण

ग्राम पंचायत छुई में चौपाल के पूर्व कलेक्टर श्री नारायन ने ग्राम छुई में नल जल योजना के तहत निर्माणाधीन पानी की टंकी का निरीक्षण किया। उन्होंने गति और गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कराने और ग्राम के प्रत्येक घर को नल जल से जोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि कोई घर छूट गये हैं तो पाइप विस्तारीकरण द्वारा पानी पहुंचाना सुनिश्चित कराएं। कलेक्टर ने नवनिर्मित सामुदायिक भवन का भी निरीक्षण किया।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में देखी एंटी वेनम उपलब्धता

कलेक्टर श्री नारायन ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र छुई के निरीक्षण के दौरान ओपीडी कक्ष, मेडिसन कक्ष, कंप्यूटर रूम और स्टोर रूम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने एंटी वेनम उपलब्धता की विशेष रूप से देखी और सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पर्याप्त मात्रा में एंटी वेनम उपलब्ध रखने के निर्देश ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर को दिए। साथ ही सर्प दंश से बचाव के संबंध में क्षेत्रवासियों को जागरूक करने के लिए भी निर्देशित किया। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र की सफाई व्यवस्था पर संतोष जाहिर किया और स्वास्थ्य केंद्र के साथ ही परिसर में भी समुचित साफ सफाई नियमित रूप से सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने सालीवाड़ा शारदा की गौशाला और सामुदायिक भवन निर्माण का लिया जायजा

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा, 22 अप्रैल, जिले के अमरवाड़ा क्षेत्र में कलेक्टर हरेंद्र नारायन ने आज फील्ड विजिट के दौरान ग्राम पंचायत सालीवाड़ा शारदा के वृंदावन ग्राम थावड़ीकला का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने श्री शारदा माई गौशाला पहुंचकर वहां संचालित गतिविधियों का जायजा लिया और स्व सहायता समूह की महिलाओं से गौशाला संचालन से जुड़ी जानकारी प्राप्त की।

उन्होंने इन महिलाओं को गौशाला से आय बढ़ाने के लिए कंडे बनाने के साथ ही जैविक खाद बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही गौशाला में पानी की समुचित व्यवस्था के लिए एसडीएम अमरवाड़ा को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री नारायन ने वृंदावन ग्राम के रूप में चयनित ग्राम थावड़ीकला के समग्र विकास के लिए पशुपालन विभाग द्वारा तैयार की गई आगामी कार्ययोजना की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी संबंधित विभागों की योजनाओं को शामिल करते हुए एक समेकित विकास योजना तैयार की जाए, ताकि गांव के समग्र विकास को गति मिल सके।

स्वच्छता को लेकर जाहिर की नाराजगी

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री नारायन ने ग्राम सालीवाड़ा शारदा स्थित शारदा देवी मंदिर के समीप निर्माणाधीन सामुदायिक भवन का भी निरीक्षण किया और निर्माण कार्य को समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए। इस दौरान सामुदायिक भवन और मंदिर परिसर में विभिन्न वैवाहिक एवं अन्य कार्यक्रम उपरांत फैली गंदगी पर कलेक्टर श्री नारायन ने नाराजगी जाहिर की और पूरे परिसर की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित कराने के निर्देश ग्राम पंचायत सचिव को दिए। उन्होंने मां शारदा देवी मंदिर में पूजन - अर्चन भी किया और क्षेत्र की समृद्धि की कामना की।

सांसद बंटी साहू के प्रयासों से छिंदवाड़ा सिंचाई काम्पलेक्स के लिए मिला विशेष पुनर्वास पैकेज

सांसद ने भोपाल में मुख्यमंत्री और जल संसाधन मंत्री से मुलाकात करते हुए किसानों एवं डूब प्रभावित गांवों के लिए मांगा था स्पेशल पैकेज

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा, 22 अप्रैल, सांसद बंटी विवेक साहू के लगातार संघर्ष एवं प्रयासों से छिन्दवाड़ा सिंचाई काम्पलेक्स परियोजना में पुर्नवास के लिए 969 करोड़ रूपये के विशेष पुर्नवास पैकेज की स्वीकृति भोपाल में हुई मंत्रीमंडल की बैठक में मिल गई है। बुधवार को हुई मंत्री परिषद की बैठक में छिन्दवाड़ा सिंचाई काम्पलेक्स परियोजना में पुर्नवास के लिए स्वीकृत राशि 840 करोड़ 80 लाख रूपये के स्थान पर लगभग 969 करोड़ का विशेष पुर्नवास पैकेज स्वीकृत कर दिया गया है। सांसद के प्रयासों से विशेष पैकेज में 128.2 करोड़ की बढ़ोत्तरी की गई है। इस विशेष पैकेज के तहत त्वरित क्रियान्वयन एवं विस्थापितों के अपेक्षित सहयोग के लिए केन - बेतवा अंतर्राष्ट्रीय नदी जोड़ों परियोजना के समकक्ष प्रदान किए जाने का निर्णय लिया गया है।

उल्लेखनीय है कि छिन्दवाड़ा सिंचाई कॉम्पलेक्स परियोजना को लेकर भोपाल प्रवास के दौरान सांसद बंटी विवेक साहू ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट से मुलाकात करते हुए छिन्दवाडा सिंचाई काम्पलेक्स परियोजना के निर्माण कार्य की प्रगति के लिये स्पेशल पैकेज की मांग एवं मोहगांव जलाशय के अंतर्गत किसानों को हो रही परेशानियों एवं उनकी मांगों को लेकर चर्चा की थी। जिसके तहत मंत्रीपरिषद की बैठक में निर्णय लिया गया है कि छिन्दवाड़ा सिंचाई कॉम्पलेक्स परियोजना के अंतर्गत छिन्दवाड़ा जिले में संगम 1 बाँध, संगम 2 बाँध, रामघाट बांध एवं पांढुर्णा जिले में बेलेंसिग रिजर्वायर (पांढुर्णा) इस प्रकार कुल 4 बांध प्रस्तावित है, जिससे छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्णा जिलों के 1,90,500 हैक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। परियोजना से छिन्दवाड़ा जिले के 369 एवं पांढुर्णा जिले के 259 ग्राम इस प्रकार कुल 628 ग्राम लाभान्वित होंगे।

छिंदवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले के 678 ग्राम होंगे लाभान्वित

सांसद बंटी विवेक साहू के प्रयासों से इस परियोजना से छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले के 678 ग्राम लाभान्वित होंगे। जिसमें से पांढुर्णा जिले की पांढुर्णा तहसील के 129 ग्राम, पांढुर्णा जिले की सौंसर तहसील के 124 ग्राम, छिन्दवाड़ा जिले की मोहखेड़ तहसील के 132 ग्राम, बिछुआ तहसील के 76 ग्राम, छिन्दवाड़ा तहसील के 7 ग्राम, जुन्नारदेव तहसील के 126 ग्राम, चांद तहसील के 34, और उमरेठ तहसील के 50 ग्राम इस परियोजना से सिंचाई के अतिरिक्त समीपवर्ती क्षेत्रों के पीने के पानी की समस्या हेतु पेयजल, औद्योगिक उपयोग एवं विद्युत उत्पादन हेतु जल सुरक्षित रखने का प्रावधान है।

इन गांवों के निवासियों को मिलेगा लाभ

सांसद बंटी विवेक साहू के प्रयासों से इस परियोजना के तहत तहसील जुन्नारदेव के भावईकलां, भावईखुर्द, बिरजपुरा, दमुआ, हिरदागढ़ छिनढाना, करहैया, करमोहिनी बंधी, खापासुरजु, मांडई, नंदौरा, महेंदावीर, रामनगरी एवं सेमरकुही, तहसील मोहखेड़ के कोहटमाल, पीपलगांव, बोरगांव, कोहटरैय्यत, तिकाड़ी, बीजागोरा, भवारी रैय्यत, संगम, दीप, रहप, धगडियामाल, मेहलारी बाकुल एवं पर्वत घोघरी, तहसील पांढुर्णा के भूली, खड़की, धावड़ीखापा, खेड़ीधानभोयर, मोराडोंगरी, भुयारी एवं नीलकंठ, तहसील सौंसर के हरनबेडी, बरगाबोडी, पलासपानी, गाजनडोह के निवासियों को लाभ मिल सकेगा।

सांसद ने मुख्यमंत्री और जल संसाधन मंत्री से की थी मुलाकात

सांसद बंटी विवेक साहू ने मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव और जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट से मुलाकात के दौरान उन्हें बताया था कि उनके संसदीय क्षेत्र छिंदवाड़ा-पांढुर्णा के अंतर्गत बहुउद्देशीय परियोजना छिंदवाड़ा सिंचाई कॉम्प्लेक्स परियोजना की स्वीकृति प्राप्त है। इस योजना की जल भराव क्षमता 651.33 मि.घ.मी. है, जिससे छिंदवाड़ा, जुन्नारदेव, मोहखेड़, बिछुआ, चौरई, उमरेठ, सौंसर एवं पांढुर्णा विकासखण्डों की 190500 हेक्टेयर सिंचाई प्रस्तावित है। उक्त कार्य में प्रभावित हो रहे ग्रामीणों द्वारा स्पेशल भुअर्जन एवं पुनर्वास एवं पुर्नव्यवस्थापन पैकेज की मांग की गई। सांसद श्री साहू ने मुख्यमंत्री व जल संसाधन मंत्री को बताया था कि छिन्दवाड़ा जिले के जुन्नारदेव एवं मोहखेड़ तहसील के प्रभावित ग्रामों की अधिकांश जनसंख्या जनजातीय समुदाय से है जिस कारण गैर जनजातीय खरीदी ब्रिकी निशेध है। अधिकांश प्रभावित कृषकों पर एक हेक्टेयर से कम का रकबा है जिसके बाजार मूल्यों में पिछले कई वर्षों से नियुत्तम बढ़ोत्तरी हुई है।

वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन

नवभारत न्यूज

बिछुआ, 22 अप्रैल, शासकीय महाविद्यालय बिछुआ में शासन के निर्देशानुसार नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा कार्यक्रम किया गया जिसके अंतर्गत वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आरपी यादव के मार्गदर्शन में, कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर पूजा तिवारी, डॉ. फरहत मंसूरी डॉ मदन ठाकरे, अजीत गौतम, सूर्यकांत शुक्ला, मनीष पटेल आकाश आहके कि उपस्थिति में संपन्न हुआ। वित्तीय सलाहकार जितेंद्र कुमार धुंडे द्वारा वित्तीय साक्षरता के ऊपर अपने विचार रखे साथ ही वित्तीय साक्षरता क्विज का आयोजन किया गया। जिसमें अधिक संख्या में छात्रों ने सहभागिता की।

सांसद ने भगवान चित्रगुप्त जयंती की दी शुभकामनाएं

छिंदवाड़ा। सांसद बंटी विवेक साहू ने जिलेवासियों को भगवान चित्रगुप्त जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी है। भगवान चित्रगुप्त की जयंती के अवसर पर दिए गए अपने शुभकामना संदेश में सांसद बंटी विवेक साहू ने कहा कि भगवान चित्रगुप्त आपके जीवन में सुख,समृध्दि,ज्ञान और उत्तम स्वास्थ्य प्रदान करें। कलम और दवात के देवता, कर्मो के लेखा-जोखा रखने वाले भगवान चित्रगुप्त की कृपा आप सभी पर सदैव बनी रहें। उन्होंने कहा कि सत्य,न्याय और कर्तव्य के प्रतीक, कलम के धनी प्रभु चित्रगुप्त के प्रकट्य दिवस आप सभी के जीवन में खुशहाली लाए।

अवकाश घोषित होने पर ना किया जाए स्कूलों का संचालन : श्री बघेल

डीईओ ने निजी स्कूलों के संचालको और प्राचार्यो की बैठक लेकर दिए निर्देश

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा, 22 अप्रैल, आज डीईओ श्री बघेल ने समस्थ निजी स्कूलो के संचालको और प्राचार्यो की बैठक लेकर उन्हें दिशा निर्देश दिए है. बैठक में डीईओ श्री बघेल द्वारा विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। डीईओ श्री बघेल ने निर्देश दिए कि शासन द्वारा राजपत्रित अवकाश घोषित होने पर अवकाश दिवस में स्कूलों का संचालन न किया जाए। ऐसे विद्यालय जिनकी वार्षिक शुल्क 25,000 रुपये या अधिक है, वे डीपीआई के फीस पोर्टल पर जानकारी अनिवार्य रूप से अपलोड करें।

इसके अलावा निर्देशित किया गया कि विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों के अभिभावकों द्वारा प्रस्तुत आवेदन के आधार पर टीसी तत्काल प्रदान की जाए तथा टीसी जिस माह में दी जाती है, उसी माह तक की ही फीस ली जाए। ऐजूकेशन पोर्टल 3.0 पर नामांकन अपडेट पूर्ण करने एवं छात्र/छात्राओं की अपार आईडी से संबंधित कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही छात्र-छात्राओं से संबंधित प्रोफाइल अपडेट, समेकित छात्रवृत्ति एवं एम.पी. टास्क छात्रवृत्ति की कार्यवाही समय सीमा में पूर्ण करने को कहा गया। बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि विद्यालय में संचालित विद्यार्थियों के परिवहन के लिये उपयोग किए जा रहे वाहन/वैन की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाए। विद्यार्थियों की संख्या के अनुसार प्रसाधन एवं पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। निःशुल्क बाल शिक्षा अधिकार नियम (आरटीई) के तहत प्रवेशित बच्चों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। साथ ही यह भी कहा गया कि विद्यालय में संचालित पुस्तकों की उपलब्धता खुले बाजार में सुनिश्चित की जाए तथा इस संबंध में सूचना विद्यालय के सूचना पटल पर भी प्रदर्शित की जाए।

प्रदर्शन

महिला आरक्षण कानून में कथित देरी पर जताई नाराजगी

महिला कांग्रेस ने नारेबाजी करते हुए फूंका प्रधानमंत्री का पुतला

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा, 22 अप्रैल, जिला महिला कांग्रेस ने प्रधानमंत्री का पुतला फूंका। कांग्रेस की महिला नेत्रियों ने प्रधानमंत्री के गंभीर आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए झूठी घोषणाओं और वादों का स्मरण करते हुए पुतला दहन किया। राजीव भवन स्थित कांग्रेस कार्यालय में एकजुट हुई महिला पदाधिकारी व कार्यकर्तागण रैली के रूप में पुतला लेकर ईएलसी चौक पहुंची और पुतला दहन कर कांग्रेस नेत्रियों

ने भाजपा के मंत्रियों और अन्य नेताओं की महिला विरोधी मानष्किता को उजागर करते हुए जमकर नारेबाजी की।

आयोजित विरोध प्रदर्शन को सम्बोधित करते हुए जिला महिला कांग्रेस की अध्यक्ष सरला सिसोदिया श्रीवास्तव ने कहा कि महिला आरक्षण कानून (नारी शक्ति वंदन अधिनियम) के क्रियान्वयन में कथित देरी और भाजपा शासित राज्यों में महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराध का महिला कांग्रेस कड़ा विरोध करती है। सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि केंद्र सरकार परिसीमन का बहाना बनाकर 33 प्रतिशत महिला आरक्षण को जानबूझकर लटका रही। भाजपा इस बिल में भी अपने राजनीतिक स्वार्थ और हितों को साधने के लिए अड़ंगा डाल रही। महिला विरोधी सोच रखने वाले कभी महिलाओं के हितों के बारे में नहीं सोच सकते यह वर्तमान की बीजेपी सरकार ने साबित कर दिया है। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने ही पंचायत व नगरीय निकाय में आरक्षण देने की पहल की थी। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा नेताओं के आपराधिक प्रवृत्ति के होने और महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराधों चिंता के विषय है यही नहीं भाजपा केन्द्रीय मंत्री का एपस्टीन फाइल्स में नाम आना भी देश को शर्मसार करने वाला है, लेकिन आज तक भाजपा ने जनता को यह नहीं बताया कि मोदी सरकार के केन्द्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी कौनसे व्यापार को विस्तार देने के लिए जघन्य व यौन अपराधों को अंजाम देने वाले एपस्टीन से मिलने के लिए पहुंचे थे। देश के प्रधानमंत्री और अन्य भाजपाई मंत्रियों ने आज तक जवाब नहीं दिया, उनकी मौनवृत्ति इस बात का प्रमाण कि भाजपा की सोच महिला विरोधी थी और आज भी है।